भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **666**
गुरुवार, 25 जुलाई, 2024 / 3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

कन्नूर अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन

666. श्री के. सुधाकरनः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि कन्नूर अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन दक्षिण भारत के दो प्रमुख पर्यटन स्थलों वायनाड और कुर्ग को शेष भारत से जोड़ता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ख) क्या यह सच है कि हैदराबाद और कसूर के बीच ए320 के माध्यम से संपर्क नहीं होने के कारण इंडिगो द्वारा एटीआर का एकमात्र कनेक्शन उच्च क्षमता पर चल रहा है जिसके परिणामस्वरूप इन शहरों के बीच टिकट की कीमतें बढ़ रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या सरकार का अधिक उपलब्धता और तीव्र यात्रा समय के लिए इंडिगो से मार्ग का उन्नयन कर ए320 करने का अनुरोध करने का विचार है क्योंकि हैदराबाद से कन्नूर के बीच एटीआर में इस समय 2 घंटे लगते हैं जिसे एक घंटे दस मिनट में तय किया जा सकता है:

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, और

(ङ) क्या सरकार का एअर इंडिया एक्सप्रेस से इस मार्ग की संभाव्यता को देखते हुए इस क्षेत्र में सेवा शुरू करने का अनुरोध करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ङ): कन्नूर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा वायनाड और कूर्ग के पर्यटन स्थलों की आवश्यकता पूरी करता है। कन्नूर हवाईअड्डा मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, कोचीन, तिरुवनंतपुरम और चेन्नई जैसे प्रमुख भारतीय शहरों से अनुसूचित उड़ान सेवाओं से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में, हैदराबाद-कन्नूर सेक्टर को इंडिगो द्वारा एटीआर विमान का उपयोग करके परिचालन किया जाता है।

विमान किराए न तो सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते हैं और न ही विनियमित किए जाते हैं। वायुयान अधिनियम 1937 के प्रावधानों के अंतर्गत, अनुसूचित हवाई सेवाओं में लगे प्रत्येक हवाई परिवहन उपक्रम को प्रचालन की लागत, सेवा की विशेषताओं, आम तौर पर प्रचलित टैरिफ आदि सहित सभी प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखते हुए टैरिफ स्थापित करना आवश्यक है।

मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरस्त होने के साथ ही भारतीय घरेलू विमानन नियंत्रण मुक्त हो गया है। सरकार द्वारा जारी मार्ग संवितरण दिशा-निर्देशों के अनुपालन और डीजीसीए द्वारा अनुमोदित अनुसूची के अनुसार, एयरलाइनें किसी भी वहन क्षमता ओर प्रकार के विमान को शामिल कर सकती है तथा सेवा प्रदान करने के लिए किसी भी बाजार और नेटवर्क का चयन करके परिचालन कर सकती है।

******